# पूछताछ के बाद बुजुर्ग ने की आत्महत्या

## बेटे का आरोप : थाने में जहर खाया, पुलिस ने किया प्रताड़ित

**हरदा, 3 मई. जिले में गौहत्या के एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाए गए 60 वर्षीय रामदास कोरकू की शनिवार रात जहर खाने से मौत हो गई है. उनके बेटे ने आरोप लगाया है कि पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर रामदास ने टिमरनी थाने में जहर खा लिया, जिससे उनकी जान चली गई.**

हालांकि, पुलिस ने इन आरोपों को गलत बताया है. रविवार सुबह मृतक के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मामले की मजिस्ट्रियल जांच की मांग की है. घटना की जानकारी मिलने पर विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने जिला चिकित्सालय हरदा पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी. उन्होंने परिवार हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया एवं जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करने, दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग क. गौरतलब है कि 26 अप्रैल को टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम छिदगांवमेल में गंजालेश्वर आश्रम से पांच गौवंश को चुराकर किसी ने रेलवे ट्रैक पर बांध दिया गया था, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी. पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए पांच टीमें गठित की थीं और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है. इसी क्रम में ग्राम पिपल्याकला निवासी रामदास पिता ओंकारदास कोरकू (60) को भी शनिवार सुबह पूछताछ के लिए टिमरनी थाने बुलाया गया थाा पुलिस के अनुसार, आश्रम के सेवादारों और ग्रामीणों समेत कई लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जिनमें रामदास भी शामिल थे. देर रात रामदास की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई.



मृतक रामदास का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे कह रहे हैं कि उन्होंने पूरे जीवन गौसेवा की है, लेकिन बुढ़ापे में उन्हें यह आरोप मिला है. मृतक के बेटे भवानी ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके पिता ने टिमरनी पुलिस थाने में जहर खाया था. उनके अनुसार, पुलिस बार-बार उनके पिता को पूछताछ के लिए बुलाकर परेशान कर रही थी, जबकि वे वर्षों से गायों की सेवा कर रहे थे. इसी परेशानी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया. भवानी ठाकुर का कहना है कि जिस दिन घटना हुई थी, उस दिन उनके पिता गांव में मौजूद ही नहीं थे. पुलिस पिछले चार दिनों से सुबह 11 बजे से रात 12 बजे तक उन्हें पूछताछ के लिए बुला रही थी, जिससे वे परेशान थे और इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया.

### थाने में नहीं बाहर खाया था जहर : पुलिस

टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलैया ने मीडिया को जानकारी देते हुए इन आरोपों का खंडन किया. उन्होंने बताया कि रामदास ने थाने के अंदर नहीं, बल्कि बाहर जहर खाया था. उनके मुताबिक, घटना को लेकर करीब काफी लोगों से पूछताछ की जा रही थी और रामदास को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था. इसके बाद पुलिस उन्हें तत्काल टिमरनी अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई. रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम जाना था लेकिन परिजन धरने पर बैठ गए.



# बोर्ड के गठन का दिया आश्वासन

**पटवा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ**

**नर्मदापुरम, 3 मई. अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य महासभा, मप्र की बैठक नर्मदापुरम स्थित पटवा समाज भवन में संपन्न हुई. बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई.**

इस बैठक में प्रदेश के कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया, विधायक विजय पाल सिंह तथा नगर अध्यक्ष नीतू यादव सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की. कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पटवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकांत पटवा, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत पटवा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया. बैठक के दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई.

कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने अपने उद्बोधन में पटवा समाज की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए अपने समाज से जुड़ाव के अनुभव साझा किए. उन्होंने धार्मिक और सामाजिक उदाहरणों के माध्यम से समाज को संगठित रहने का संदेश दिया. साथ ही, उन्होंने पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन का आश्वासन दिया, जिससे उपस्थित समाजजनों में उत्साह का माहौल बन गया और जमकर नारेबाजी हुई. राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया ने मंत्री टेटवाल और मुख्यमंत्री मोहन यादव के बीच मजबूत तालमेल का उल्लेख करते हुए कहा कि पटवा समाज कल्याण बोर्ड के गठन की दिशा में सकारात्मक पहल संभव है. उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि विश्वकर्मा योजना में पटवा समाज को शामिल कराने के प्रयास किए जाएंगे.

बैठक के दौरान पत्रकार गगनदीप खेरे द्वारा शराबबंदी का प्रस्ताव रखा गया, जिसे उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ समर्थन दिया. इस प्रस्ताव को लेकर भी समाज में सकारात्मक संदेश गया. कार्यक्रम के अंत में पटवा समाज के प्रतिनिधियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हित में दिए गए आश्वासन जल्द ही धरातल पर उतरें, यही अपेक्षा है.

## एक नजर में



### कायस्थ समाज ने की चित्रगुप्त घाट पर सफाई

**नर्मदापुरम, 3 मई.** अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा सेवा, आस्था और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया. चित्रगुप्त घाट पर आयोजित स्वच्छता अभियान में समाज के महिला-पुरुषों और युवाओं ने श्रमदान कर घाट परिसर से कचरा, प्लास्टिक और पुराने वस्त्र हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया. इस अवसर पर 'नीर पखेरू' अभियान के तहत पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे बांधकर उनमें पानी और दाना भरने की व्यवस्था की गई, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके .नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा की इस पहल को जन-आंदोलन बनाने की अपील की. समाज के वरिष्ठ सदस्य सुनील राय ने सकोरों की नियमित देखभाल के लिए एक व्यक्ति की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की घोषणा की. वहीं मातृशक्ति की जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने स्वच्छ घाट, आस्था का पाठ का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं से घाटों को साफ रखने की अपील की .इस अभियान में समाज के कई गणमान्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और जीव-दया का प्रेरक संदेश दिया.



### मृत्युभोज की परंपरा त्यागी

**बनखेड़ी, 3 मई.** सामाजिक वरिष्ठ कार्यकर्ता चौ. जीतसिंह पटेल नयाखेड़ा के सुपुत्र अमित पटेल के असमय निधन के पश्चात परिवार द्वारा समाज सुधार की दिशा में प्रेरणादायक कदम उठाया है. मृत्युभोज की परंपरा का त्याग कर रविवार को जरारिया गार्डन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं. संचालन नीतिराज सिंह पटेल ने किया. सभा में उपस्थित लोगों ने मृत्युभोज जैसी कुरीति के उन्मूलन की दिशा में उठाए गए इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की. इस अवसर पर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष भगवत पटेल, संभाग अध्यक्ष रामेश्वर पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष हेमराज पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी उमेद सिंह पटेल, खेल किशोर चौधरी, जवाहर सिंह चौधरी, भबूत सिंह चौधरी, रामचरण सिमरोदिया, सुरेंद्र सिंह चौधरी, लाल साहब पटेल, जितेंद्र चौधरी उपस्थित थे. कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन एवं कुरीतियों के उन्मूलन का सशक्त संदेश दिया गया.

### नीट यूजी परीक्षा में 36 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**नर्मदापुरम, 3 मई.** नीट यूजी परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुई. जिला मुख्यालय में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों पर दर्ज 1177 परीक्षार्थियों में से 1141 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे. 36 अनुपस्थित रहे. परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई, जबकि परीक्षा केंद्र में प्रवेश का अंतिम समय 1:30 बजे निर्धारित था। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को एंट्री नहीं दी गई. जिले में शासकीय पीएम श्री नर्मदा कॉलेज में 528 में से 513, पॉलिटेक्निक कॉलेज 361 में से 345 और केंद्रीय विद्यालय एसपीएम 288 में से 283 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी. इस दौरान केंद्रों पर जूते-मोजे, एरिंग्स, नाक की बाली, बिछिया, हेयरपिन मेटल डिटेक्टर सामग्री बाहर ही रखवाई. हाथ, गले में बंधा कलावा पहनकर भी परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया .परीक्षा केंद्र पर प्रतिभागी को अपने साथ केवल प्रवेशपत्र-पहचान कार्ड और पारदर्शी पानी की बॉटल व हवाई चप्पल पहनकर आने की अनुमति थीं. सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे. तीनों केंद्र पुलिस की पहरेदारी में रहे.





# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 16-17 को

**तैयारियों को लेकर हुई बैठक**

**नर्मदापुरम, 3 मई. पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग 16-17 मई को आयोजित किया गया है. इस संबंध में रविवार को जिला कार्यालय में एक बैठक हुई.जिला प्रभारी अनिल कुशवाह ने बताया कि जिला प्रशिक्षण के लिये प्रदेश संगठन के द्वारा जो दिशा-निर्देश निर्धारित किये गये है हमें उनका पालन करना है. यह कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सशक्त मंच है.**

जिला प्रभारी अलकेश आर्य ने बताया कि जिला प्रशिक्षण वर्ग को हमे ऊर्जा और गुणवत्ता के साथ संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है. प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षित करने के लिये प्रशिक्षण दिया जाता है. यह हमारी कार्य पद्धति है. भाजपा केवल एक राजनैतिक दल नहीं है.

बल्कि राष्ट्रहित सेवा सुशासन और अंत्योदय की विचारधारा पर एक संगठन है. भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में सभी अपेक्षित पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ताओं का उपस्थित रहना अनिवार्य है. प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को गढ़ने का सशक्त माध्यम है.

इस दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, प्रशिक्षण वर्ग के संभाग प्रभारी भरत सिंह राजपूत, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल एवं पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा सहित भाजपा जिला पदाधिकारी, प्रशिक्षण वर्ग जिला टोली एवं व्यवस्था प्रभारी उपस्थित रहे. बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना एवं आभार जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर ने किया.

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

**हरदा, 3 मई. जिले की खिरकिया तहसील के ग्राम जयमलपुरा तहसील खिरकिया में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में गंजाल मोरंड उद्वहन सिंचाई परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन कार्य सहित विभिन्न विकास कार्यों का केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने विधिवत भूमिपूजन किया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा यह परियोजना केवल पाइपलाइन नहीं, बल्कि हमारे किसानों की आशाओं की जीवनरेखा है, जिससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा.



फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और आत्मनिर्भर किसान का सपना और मजबूत होगा. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शाह , भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

### नई सड़क की सुरक्षा के लिए आवागमन पर रोक

**इटारसी.** शहर के वॉर्ड क्रमांक 25 मेंगौर आटा चक्की से मालवीयजी के मकान तक में बन रही नई सड़क की सुरक्षा को लेकर नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि अगले 7 दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. रविवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को दो टूक कहा काम में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा. पार्षद शुभम गौर के साथ मौके पर पहुंचे नपाध्यक्ष ने निर्माण की बारीकियों को देखा. उन्होंने निर्देश दिए कि जूट के बोरे बिछाए जाएं और सिंचाई करें.

### अतिक्रमण से श्मशान घाट जाने में परेशानी

**पिपरिया, 3 मई.** मुड़ियाखेड़ा ग्राम में शमशानघाट जाने के लिए ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हो जाने से निजी भूमि से शमशानघाट जाना पड़ रहा है. निजी भूमि पर लगे अस्थाई गेटों पर ताले लग जाने पर संबंधित व्यक्ति से चाबी मिलने के बाद ही अंतिम संस्कार हो पाता है.धनासरी पंचायत के ग्राम मुड़ियाखेड़ा में शमशानघाट व शासकीय मेड़े पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणोंने कई बार शिकायतें कीं लेकिन कोई हल नहीं निकला. ग्राम के राधेलाल चौधरी,मोहित चौधरी,धर्मेन्द्र चौधरी,प्रवीण चौधरी,अशोक विश्वकर्मा,राजकुमारचौधरी,राहुल चौधरी आदि ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ग्राम पंचायत ने बिना संतुष्टि के शिकायत बंद करवा दी.





# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**इटारसी, 3 मई. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चोरे ने रविवार को सुबह 8 बजे ब्रिज के नीचे स्थित स्टोर शाखा का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति एवं नगर निगम के वाहनों की स्थिति का जायजा लिया. साथ ही जल विभाग की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए यह जानकारी ली कि वार्डों में पानी के टैंकर समय पर पहुंच रहे हैं या नहीं.**

उन्होंने ड्राइवरों को निर्देशित किया कि तय स्थानों पर ही नियमित रूप से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें. इसके बाद अध्यक्ष ने खेड़ा स्थित संपवेल का निरीक्षण किया और पानी की मोटरों की स्थिति का अवलोकन किया गया. उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि संपवेल का पानी ओवरफ्लो न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए.नरीक्षण के दौरान सूरजगंज स्थित अजय वचन कॉलोनी में नागरिकों की शिकायत पर पहुंचकर नाली निर्माण एवं सड़क की आवश्यकता को देखते हुए शीघ्र निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर एल्डरमैन नरेश मेघानी, आशीष कुमार मालवीय, अमन लालवानी, जल विभाग के संजय दुबे तथा स्टोर शाखा से स्वदेश, मोहन कडारे और राहुल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे.

**स्वास्थ्य** तनाव और अनियमित दिनचर्या के दवाओं का सेवन बढ़ा

# कोविड के बाद दवाओं पर टिकती जा रही जिंदगी

**मदन शर्मा**

**नर्मदापुरम, 3 मई. कोविड के बाद शहर में दवा सेवन तेजी से बढ़ा है, जिसने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है,क्या अब स्वस्थ रहने के लिए दवाओं पर निर्भर होना ही मजबूरी बनता जा रहा है? कभी शुद्ध हवा और संतुलित जीवनशैली के लिए पहचाना जाने वाला नर्मदापुरम अब ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां दिन की शुरुआत कसरत या प्रकृति से नहीं, बल्कि दवाओं से हो रही है.**

जानकारों के अनुसार, हर महीने जिले में करीब 7 करोड़ रुपये की बीपी, शुगर और हेल्थ सप्लीमेंट की दवाएं खरीदी जा रही हैं. अगर एंटीबायोटिक को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 10 करोड़ रुपये के पार पहुंच सकता है. यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि शहर की बिगड़ती जीवनशैली और बढ़ती बीमारियों का संकेत है.

कोविड-19 के बाद कई लोगों में कमजोरी, सांस की तकलीफ, जोड़ों का दर्द जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं. इसके साथ ही तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण एंजायटी की दवाओं का सेवन भी तेजी से बढ़ा है. विशेषज्ञ मानते हैं कि दवाओं की यह बढ़ती खपत केवल इलाज नहीं, बल्कि धीरे-धीरे बनती निर्भरता की ओर इशारा करती है. सबसे चिंता की बात एंटीबायोटिक का बढ़ता उपयोग है. बिना डॉक्टर की सलाह के इनका सेवन भविष्य में दवाओं के असर को कम कर सकता है, जिससे साधारण बीमारियां भी गंभीर रूप ले सकती हैं. यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी का विषय बन चुकी है. बढ़ता दवा बाजार आर्थिक प्रगति का संकेत नहीं, बल्कि गिरती जीवनशैली और कमजोर होती प्रतिरोधक क्षमता का परिणाम है. अगर समय रहते खानपान, दिनचर्या और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाली पीढ़ी दवाओं पर निर्भर जीवन जीने के लिए मजबूर हो सकती है.

सवाल अब भी वही है,क्या हम सच में स्वस्थ रहना चाहते हैं, या सिर्फ दवाओं के सहारे जिंदा रहना? बुजुर्ग के साथ ही अब युवाओं में बीपी-शुगर के लक्षण आना बेहद चिंता जनक हैं. यानी अब हमें दवाओं की अपेक्षा प्रकृति से दोस्ती करने की ज्यादा जरूरत है, क्योंकि दवाओं का सेवन आर्थिक तरक्की नहीं बल्कि शारीरिक गिरावट का साफ संकेत है.

### इनका कहना

जिले में कोविड 19 के बाद से बीपी -शुगर के मरीज बढ़े हैं, जिले में बीपी-शुगर ओर हेल्थ सप्लीमेंट तीन दवाओं का कारोबार प्रतिमाह करीब 7 करोड़ का होता हैं.

**बृजेश श्रीवास्तव**
अध्यक्ष दवा व्यापारी संघ

# वन्य प्राणी का शिकार, 2 आरोपी किए गिरफ्तार

**इटारसी, 3 मई. वन विभाग की टीम ने वन्य प्राणी का शिकार करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एक बॉल्टी में अधपका मांस भी बरामद किया है.वन परिक्षेत्र अधिकारी इटारसी को शनिवार रात 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि जमानी सर्किल के सोठिया बीट के निकट स्थित ग्राम छीपापुरा में वन्य प्राणी का शिकार कर पकाने की योजना बनाई जा रही है.**

वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया और मौके पर स्टाफ को रवाना किया गया. मध्य रात्रि में परिक्षेत्र सहायक जमानी, परिक्षेत्र सहायक मातपुरा, चौकी प्रभारी बागदेव एवं अन्य समस्त स्टाफ वन विभाग की टीम ने जब बताए



गए स्थान पर दबिश दी, तो वहां घेराबंदी के दौरान एक बाल्टी में अधपका मांस बरामद किया गया. प्रथम दृष्टया जंगली सूअर का मांस प्रतीत हुआ. मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. वन विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17002/12, दिनांक 03/05/2026 पंजीबद्ध किया गया है. पकड़े गए अपराधियों को बागदेव चौकी लाया गया है.मामले की विस्तृत विवेचना जारी है. समस्त कार्यवाही के पश्चात न्यायालय के समक्ष अपराधियों को प्रस्तुत किया जाएगा।